


# पंचदश बिहार विधान सभा

## अष्टम् सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-22 मंगलवार, दिनांक-19 मार्च, 2013 ई० ।

मानानीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.25 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 02 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 13 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(iv) 116 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यानाकृष्ट किया गया :-

(i) श्री विनोद प्रसाद यादव
(ii) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा
(iii) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(iv) श्री रामनरेश प्रसाद यादव
(v) श्री विजय कुमार सिन्हा
(vi) श्री जनक सिंह
(vii) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह
(viii) श्रीमती वीणा देवी
(ix) श्री ललित कुमार यादव
(x) श्री दिनेश कुमार सिंह
(xi) श्री कुमार शैलेन्द्र
(xii) श्री गोपालजी ठाकुर
(xiii) श्री शैलेश कुमार
(xiv) श्री प्रदीप कुमार
(xv) श्रीमती भागीरथी देवी

[3] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) मा० सदस्य श्री अखतरूल इसलाम शाहिन एवं अन्य सभासदों का निबंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग से सम्बंधित दिनांक 05.03.2013 एवं 12.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर दिनांक 20.03.2013 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(ii) मा० सदस्य श्री जितेन्द्र कुमार एवं अन्य सभासदों का खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित दिनांक 07.03.2013 एवं 14.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iii) मा० सदस्य श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य सभासदों का कृषि विभाग से संबंधित दिनांक 13.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(iv) मा० सदस्य श्री अखतरूल ईमान एवं अन्य सभासदों का पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 20.03.2013 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(v) मा० सदस्य श्री विनय बिहारी एवं अन्य सभासदों का कला, संस्कृति एवं युवा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा यह शिक्षा विभाग को स्थानांतरित हुआ ।

**(भोजनावकाश के बाद)**

**समय 2.00 बजे अप० से 6.00 बजे अप० तक**

(मा० उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

[4] वित्तीय कार्य :-वित्तीय वर्ष 2012-13 की तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान :-

मा० प्रभारी मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग श्री जीतन राम मांझी द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्य श्री जितेन्द्र कुमार राय द्वारा अनुदान की मांग पर राज्य सरकार के 'अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण' नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री राम लषण राम 'रमण' (ii) श्री रतनेश सादा

(मा० अध्यासी सदस्य श्री राम लषण राम 'रमण' ने आसन ग्रहण किया)

(iii) श्री सोनेलाल हेम्ब्रम (iv) श्री अखतरूल ईमान

(v) श्री राजेश सिंह (vi) श्री दिनकर राम

(vii) श्री अरूण मांझी (viii) श्री कन्हैया कुमार

(ix) श्री विजय कुमार सिन्हा (x) श्री राणा गंगेश्वर सिंह

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xi) डॉ० अरूण कुमार

माननीय प्रभारी मंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग श्री जीतन राम मांझी द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

तदुपरांत सदन द्वारा मा० सदस्य श्री जितेन्द्र कुमार राय का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

तत्पश्चात् सदन द्वारा वर्ष 2012-13 के तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी में सम्मिलित शेष अनुदान की मांगें गिलोटिन द्वारा बारी-बारी से स्वीकृत हुआ ।

[5] विधायी कार्य :- राजकीय (वित्तीय) विधेयक :- बिहार विनियोग विधेयक, 2013 :-

मा० उप मुख्य (वित्त) मंत्री श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुर:स्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खण्डशः विचार के क्रम में सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

मा० प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० नेता प्रतिपक्ष द्वारा स्वीकृति के प्रस्ताव पर अपना पक्ष रखा गया, जिसमें उनके द्वारा विशेष राज्य के विषय में की गई चर्चा का मा० मुख्यमंत्री द्वारा स्थिति स्पष्ट की गई

तदुपरांत उप मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृति के प्रस्ताव पर सरकार की ओर से उत्तर दिया गया तथा विधेयक सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[6] निवेदन :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 18 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक बुधवार, दिनांक 20 मार्च, 2013 के 11.00 बजे पूर्वाहन् तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-19.03.2013

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।




# पंचदश बिहार विधान सभा के अष्टम् सत्र के दिनांक 18.03.2013 के दैनिक विवरणिका का

## <u>शुद्धि पत्र</u>

दिनांक 18.03.2013 के लिए पूर्व से निर्गत दैनिक विवरणिका के क्रमांक [6] के अंत में निम्नांकित वाक्य को भी पढ़ा जाय ।

''मा० प्रभारी मंत्री, श्रम संसाधन विभाग श्री जनार्दन सिंह 'सिग्रीवाल' द्वारा अपने विभाग की भावी योजनाओं से सम्बंधित लिखित वक्तव्य को सदन पटल पर रखा गया ।''

पटना

दिनांक-19.03.2013

फूल झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।